हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार,16 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.7 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री

14 सफाई कर्मचारियों के साथ अमानवीय व्यवहार कर रही है ....



14 नशे के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरुक



## खबर संक्षेप

### पोल्ट्री फार्म से चार हजार मुर्गे चोरी

**यमुनानगर।** गांव सुल्तानपुर में बने पोल्ट्री फार्म से चार हजार मुर्गे चोरी हो गए। गांव सुल्तानपुर निवासी शुभम ने बिलासपुर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में ही पोल्ट्री फार्म बनाया हुआ है। जिसमें चार हजार मुर्गे रखे हुए हैं। 14 जून को जब वह पोल्ट्री फार्म पर आया तो उसे वहां से मुर्गे गायब मिले। जांच के दौरान उसे पता चला कि पोल्ट्री फार्म से गांव मलिकपुर बांगर निवासी भीष्म ने मुर्गे चोरी किए हैं।

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**घरौंडा।** गांव कंबोपुरा के पास कार की टक्कर लगने से एक बाइक सवार की मौत हो गाई। खंड इंद्री के गांव शेखपुरा निवासी सुरेन्द्र ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 जून को गांव वह गांव कम्बोपुरा में अपने बेटे के पास किसी निजी काम से मिलने आया था। बाद वह व उसका बेटा प्रिंस अपनी बाइक पर सवार होकर पर करनाल से कुछ सामान खरीदने के लिए जा रहे थे। रास्ते में किसी अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

### दुराचार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज किशोरी को बहला फुसलकर ले जाने व दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी निशांत को गिरफ्तार किया है। अब उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ित के पिता ने 26 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी निशांत उसकी किशोर पुत्री को बहला फुसलकर ले गया है। इस दौरान आरोपी ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है।

### पुलिस ने पशु तस्करों से मुक्त करवाए 22 मवेशी

**यमुनानगर।** मवेशियों को ट्रक में भरकर उन्हें वध के लिए यूपी लेकर जा रहे दो पशुतस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मवेशियों से भरे ट्रक को कब्जे में ले लिया। ट्रक में भरे 22 मवेशियों को भी पुलिस ने कब्जे में लेकर आरोपी पशुतस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर दिया।

# एक ही छत के नीचे फूड इंडिया एक्सपो- एक सराहनीय कदमः सिंगला

## व्यापार मेले में सौ से अधिक कंपनियों ने अपनी मशीनरी का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

■ व्यापार एक्सपो का तीन दिवसीय इंटर नेशनल राइस मशीनरी एक्सपो फूड इंडिया के दूसरे दिन हुई राइस मिलर्स की बैठक

फूड इंडिया एक्सपो-2024 में पहुंचे हरियाणा राइस मिलर्स एंड डीलर एसोसिएशन के चेयरमैन ज्वैल सिंगल ने कहा कि यह एक्सपो एक सराहनीय कदम हैं। इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। यहां पर नई तकनीक का प्रदर्शन किया गया है। आज दूसरे दिन राइस मिलर्स औऱर एक्सपोर्टर की मीट हुई। इस अवसर पर फूड प्रोडक्ट्स के सी.एम.डी पंकज गोयल, दी तरावड़ी राइस मिलर्स एंड डीलर एसोसिएशन के प्रधान नरेश बंसल, उप प्रधान प्रदीप गुप्ता, महासचिव राकेश हंस, संयुक्त सचिव संजीव मत्तिल, तरावड़ी मंडी आढ़ती एसोसिएश के प्रधान शीशपाल गुप्ता, सचिव रणजीत भारद्वाज सहित व्यापार एक्सप्रेस से टी आर अरोड़ा, नरेश गर्ग, मनचंदा जी सहित कई व्यापारी और गणमान्य मौजूद रहे। व्यापार एक्सप्रेस द्वारा ऐतिहासिक चावल निर्माण और निर्यात के लिए प्रसिद्ध नगरी तरावाड़ी की अनाज मंडी मे तीन दिवसीय फूड इंडिया एक्सपो के दूसरे दिन हजारों लोग पहुंचे। अतिथियों का स्वागत तिलक राज अरोड़ा ने किया। उन्होंने बताया कि फूड इंडिया एक्स पो मे इंटर नेशनल स्तर पर चावल निर्माण के लिए आधुनिक मशीनरी प्रदर्शित की गई है।। यह प्रदर्शनी 16 जून तक चलेगी।





मेले मे स्टालों का अवलोकन करते शहर के राईस मिलर, व्यापारी एवं गणमान्य लो, फूड इंडिया एक्सपो-2024 में पहुंचे राईस मिलरों का स्मृति चन्हि देकर स्वागत किया।

### आई टी तकनीक का प्रदर्शन किया गया

शिवम अरोड़ा, उद्योगपति गुरबख्श मनचन्दा ने बताया कि इस प्रदर्शनी मे चावल, फोर्टिफाइड राइस, गेंहू, ग्रेन मिलिंग, क्लीनिंग, शॉर्टिंग, पेडी, ड्रायर, स्टोरेज, मेटेरियल हैंडलिंग, प्लांट तथा मशीनरी प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर प्रदर्शनी में आए लोगों ने भी मशीनों को देखा। यहां पर आई टी तकनीक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सौ से ज्यादा कंपनी भाग ले रही है। प्रदर्शनी में पूर्व विधायक भगवान दास कबीर पंथी, मेयर रेणु वाला गुप्ता, उद्योग पति नरेश बंसल, नाथी राम गुप्ता, शीश पालगुप्ता, पंकज गोयल, विनोद गोयल, सुशील जैन,सुभाष गोयल, ज्वेल सिंगला, अमन गुप्ता, प्रदीप गर्ग, जगमाल गुप्ता आदि पहुंचे। यहां पर मॉडर्न एग्रो स्टाल आकर्षण का केंद्र रहा। अपने उत्पादों सें की जानकारी संचालक गुरबख्श मनचंदा ने दी। उन्होंने बताया कि वह मसाले तेल और चावल के साथ अन्य खाद्य पदार्थ बनाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके उत्पादों में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता हैं। इस अवसर पर उन्होंने जगमाल गुप्ता के स्टाल का भी दौरा किया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में हजारों लोगों के पहुंचने की उम्मीद हैं।

# हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लेकर बाल सुधारगृह भेजा गया

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के दोषी आकाश दीप उर्फ निक्की पुत्र बीरा वासी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को उम्र कैद की कारावास व 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले में सहयोगी पेहवा वासी नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लेकर बाल सुधारगृह भेजा गया। उप जिला न्यायवादी राजकुमार ने बताया कि 8 अगस्त 2019 को थाना पेहवा पुलिस को दिए अपने बयान में मान सिंह पुत्र मंगत राम वासी पेहवा ने बताया कि उसका छोटा भाई ध्यान सिंह उर्फ गुल्लू हलवाई का काम करता है। 7 अगस्त 2019 को शाम के समय ध्यान सिंह उर्फ गुल्लू हरविन्द्र सिंह, हरमीत सिंह, सोमबीर, निशांक व नाबालिग वासीयान पेहवा के साथ हुडा पार्क पेहवा में बैठ कर शराब पी रहे थे। उसी समय आकाश दीप उर्फ निक्की भी उनके पास आकर बैठ गया। जिसको लेकर उसके भाई ध्यान सिंह की उसके साथ कहासुनी व गाली-गलौज हुआ था। अगले दिन सुबह उसके भाई ध्यान सिंह की लाश खून से लथपथ पार्क में मिली थी। उसे शक है कि आरोपी आकाश दीप ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके भाई की हत्या की है। जिसकी शिकायत पर थाना पेहवा में मामला दर्ज करके जांच निरीक्षक गुरविंद्र सिंह को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने हत्या मामले में शामिल आरोपी आकाश दीप उर्फ निक्की व नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश हेमराज की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आकाश दीप उर्फ निक्की पुत्र बीरा वासी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 302 के तहत उम्र कैद का कारावास, 1 लाख रुपये जुमार्ना व जुमार्ना न भरने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा, धारा 506 आईपीसी के तहत 1 साल का कारावास,1 हजार रुपये जुर्माना व जुर्माना न भरने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

अदालत ने नाबालिग आरोपी को दोषी करार देते हुए अभिरक्षा में लेकर बाल सुधारगृह मधुबन भेज दिया। आरोपी की आयु 21 वर्ष पूर्ण होने पर आरोपी को सजा सुनाई जाएगी।

# मौसम में बनी तपिश से झुलसने लगी गन्ने की फसल, धरतीपुत्र चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ किसानों ने की सरकार से खेतों में लगे नलकूपों पर आठ घंटे से बढ़ाकर प्रतिदिन 15 घंटे पावर बिजली सप्लाई दिए जाने की मांग



यमुनानगर में खेतों में गर्मी की तपिश में झुलसी हुई गन्ने की फसल की पत्तियां।

बारिश नहीं होने और महीना भर से आसमान से टपक रही आग में गन्ने की फसल झुलसने लगी है। आलम यह है कि गन्ना की फसल की पत्तियां सूखने लगी हैं और फसल की ग्रोथ रुक गई है। किसानों के मुताबिक गन्ने की फसल में ना तो ठीक से सिंचाई हो पा रही है और ना ही बारिश हो रही है। जिसकी वजह से उनकी गन्ने की फसल की पत्तियां सूखने लगी हैं। जिससे फसल की ग्रोथ रुक गई है और पैदावार कम होने की आशंका बन गई है। उन्होंने फसलों की सिंचाई के लिए सरकार से प्रतिदिन 15 घंटे पावर बिजली सप्लाई दिए जाने की मांग की।

### पत्तियां सूखने से रुकी ग्रोथ

किसान महेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार, सतीश व जयपाल आदि ने बताया कि पिछले करीब एक महीने से आसमान से रोजाना आग टपक रही है। सूर्य निकलते ही मौसम में झुलसाने वाली गर्मी की तपिश बढ़ जाती है। जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके गन्ने की फसल में इस समय ग्रोथ चल रही है। मगर बारिश नहीं होने और गर्मी की तपिश बढ़ने से गन्ने की फसल की पत्तियां सूखने लगी हैं। जिससे गन्ने की ग्रोथ रुक गई है।

उन्हें गन्ने की पैदावार कम होने की आशंका सताने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिन बारिश नहीं हुई तो उनकी गन्ना, चारा, टमाटर व धान की फसल में भारी नुक्सान होगा।

किसान रघबीर सिंह, लाभ सिंह, सुखदेव सिंह, रमेश कुमार, बलबीर सिंह, दीपक कुमार, दिलीप सिंह व प्रदीप कुमार आदि ने कहा कि गर्मी की तपिश में फसलों में हर दूसरे दिन सिंचाई करना आवश्य हो गया है। मगर किसानों को नलकूपों के लिए दिन में केवल आठ घंटे पावर बिजली दी जा रही है। जिसमें भी कट लगाए जा रहे हैं। ऐसे में वह एक एकड़ में भी मुश्किल से सिंचाई कर पाते हैं। सिंचाई नहीं होने और आसमान से टपक रही आग के चलते सरकार को उन्हें आठ घंटे की बजाए प्रतिदिन 15 घंटे नलकूपों पर बिजली सप्लाई दिए जाने की मांग की।

### तापमान पहुंचा 45 के पार

जिले का तापमान शनिवार को अधिकतम 45 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान बढ़ने से दिन भर लोग गर्मी की तपिश के कारण दिन भर घरों में दुबके रहे।

## भीषण गर्मी के चलते सड़कें व बाजार सुनसान



शाहबाद। भीषण गर्मी के चलते नगर की सभी सड़के और बाजार सुनसान पड़े हुए हैं। सुबह 10 बजे ही सूर्य देव अपना प्रचंड रूप दिखाने लग जाते हैं। लोगों का गर्मी से आलम यह है की घरों से बाहर निकालना दुश्वार हो रहा है। भीषण गर्मी के चलते बेल वाली सभी सब्जियां सुख गई है और जिस कारण सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं। बाजार में भीषण गर्मी के चलते दुकानदारों का पूरे दिन खाली बैठकर चले जाते हैं। यहां तक की दुकानों पर काम करने वाले कर्मियों का खर्चा भी नहीं निकल रहा है। बारिश के भी आसार नजर नहीं आ रहे है। गर्मी का रिकॉर्ड पिछले कई वर्षों से ज्यादा होने के कारण लोग बहुत परेशान हैं। वहीं ठंडे का कारोबार करने वाले शिकंजवी, आइसक्रीम का कारोबार करने वाले चांदी कूट रहे हैं। व्यवसायी मुकेश एवं लालचंद ने बताया कि लू के कारण दुकानदारी पर प्रभाव पड़ रहा है। सुबह व शाम में दुकानदारी हो रही है। धूप के कारण चलना मुश्किल हो गया है। तीखी धूप बदन को जला रही है। गर्मी से परेशानी बढ़ गई है। जब कभी हवा चल रही तो राहत मिल रही है। गर्मी का आलम यह है सड़क पर पैदल एवं बाइक पर चलना मुश्किल हो गया है। जिस किसी तरह अपने शरीर को ढककर लोग चल रहे हैं।

# पति ने पत्नी के सिर में डंडा मारकर मौत के घाट उतारा

■ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई फिर वारदात को अंजाम दिया

**पानीपत।** पानीपत के गांव चुलकाना में शुक्रवार रात को पति नवीन ने अपनी पत्नी पूजा की हत्या कर दी। पति और पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद पति ने पत्नी को पीटा। इसी दौरान उसके सिर में पर डंडा मारा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसे खून से लथपथ हालत में चारपाई पर छोडकर आरोपी नवीन फरार हो गया। वारदात का खुलासा उस वक्त हुआए जब सुबह अन्य परिजन घर पहुंचे। उन्होंने पूजा को मृत पड़ा देखा। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। साथ ही एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर कार्रवाई कर सबूत जुटाए। इसके बाद शव को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल भिजवाया गया। वहां उसका पंचनामा भरवा कर डेडबॉडी को शवगृह में रखवा दिया गया है। इधर, थाना समालखा पुलिस के अनुसार आरोपी नवीन ईंट भट्ठे पर काम करता है। वह दो बच्चों का पिता है। जिसमें 3 और 2 वर्षीय दो बेटे हैं। आरोपी ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया। जब महिला चारपाई पर लेटी हुई थी। इसी दौरान उसने उसके सिर पर डंडा मारा। पुलिस आरोपी नवीन की तलाश कर रही है।

# गन्ना उत्पादकों की पेमेंट जल्द जारी करे सरकार : डा. खैहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



युवा नेता डा. जसविंद्र खैहरा।

■ कैथल शुगर मिल से संबंधित अनेकों किसानों की गन्ने की पेमेंट बकाया

युवा नेता डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा है कि गन्ना उत्पादकों की राशि जारी न कर सरकार गन्ना उत्पादकों को परेशान करने का काम कर रही है। कैथल शुगर मिल से संबंधित अनेकों किसानों की गन्ने की पेमेंट बकाया है लेकिन आज तक भी उनकी बकाया राशि को जारी नही किया गया है। उन्होने सरकार से मांग करते हुए कहा कि गन्ना उत्पादकों को परेशान न किया जाए और जल्द से जल्द किसानों की गन्ने की पेमेंट जारी किया जाए। डा. जसविंद्र खैहरा ने पिहोवा के कुछ किसानों का जिक्र करते हुए कहा कि किसान मलविंद्र सिंह की 8 लाख 28 हजार रूपए, गुरविंद्र सिंह की दो लाख 36 हजार, नवीन कुमार की 19 लाख, परमजीत कौर की 18 लाख, सुखबीर सिंह की 11 लाख 75 हजार, सुखविंद्र की 8 लाख, राजेश की 22 लाख रूपए, बलराज की 19 लाख 75 हजार, व संदीव की 9 लाख 61 हजार पेमेंट आज तक भी सरकार द्वारा जारी नही की गई है, जिससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को किसानों की समस्या को समझना चाहिए व जल्द से जल्द गन्ना उत्पादकों की पेमेंट को जारी किया जाए।

# पानीपत के पर्यटक सिक्किम में भूस्खलन के चलते फंसे



मुख्यमंत्री से मोबाइल पर बातचीत करते हुए विधायक प्रमोद विज।

■ विधायक प्रमोद विज की पहल पर सीएम सैनी ने मदद को हाथ बढाया

**पानीपत।** सिक्किम में हुए भूस्खलन में पानीपत के परिवार जनों के फसे होने की सूचना मिलते ही, विधायक प्रमोद विज ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को फोन के माध्यम से अवगत कराया की पानीपत और हरियाणा के काफी लोग वहां फंसे हुए है, तुरंत मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से संपर्क कर परिवार जनों को सुरक्षित पानीपत लाने का आश्वासन दिया है। वहीं विधायक ने सिक्किम में फसे परिवार जनों से कॉल के माध्यम से संपर्क किया है, सभी अभी कुशल एवं सुरक्षित है सभी को रेस्क्यू कर लिया गया है, बारिश रुकते ही जल्द पानीपत वापिस लाया जाएगा। विधायक कार्यालय के सहयोगी एनके जिंदल ने विधायक विज को मामले से अवगत कराया था, जिसके बाद विधायक ने पीड़ित परिवार से बात कर मदद की।

**समस्या** | मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री कमल गुप्ता से की मुलाकात, विस्तार से रखी कर्मचारियों की मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



स्वास्थ्य मंत्री से मिलता प्रतिनिधि मंडल।

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रदेश प्रचार मंत्री और राष्ट्रीय वित्त सचिव दिनेश कुमार कौशिक ने बताया कि स्वास्थ्य संघ का प्रदेश स्तरीय डेलिगेशन ने स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष लगभग 15000 कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगें रखी। स्वास्थ्य मंत्री के साा शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा एवं मुख्यमंत्री के नवनियुक्त ओएसडी विरेंदर दहिया से भी कर्मियों की मांगों को लेकर मुलाकात की गई। स्वास्थ्य संघ द्वारा एनएचएम कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगें, सातवां वेतन आयोग, नर्सिंग, ऑफिसर, एमपीएच डब्ल्यू फीमेल, जिला-ब्लॉक आशा कॉर्डिनेटर, कंप्यूटर सहायक, सूचना सहायक, डॉक्टर इत्यादि वंचित कैटेगिरियों के वेतन विसंगति दूर करने,पिछले आंदोलनों के दौरान काटे गए वेतन के भुगतान, प्रत्येक माह के वेतन का समय से भुगतान, रेगुलराइजेशन पॉलिसी में एनएचएम कर्मचारियों को शामिल करने, एक जिले से दूसरे जिले में एनएचएम कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग शामिल है।

### मंत्री ने कहा-मांगों का अध्ययन कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए जाएंगे

उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान सरकार ने कई कर्मचारी विरोधी फैसले किए जिसका नुकसान सरकार को उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि इससे अधिकारियों की मंशा पर भी सवालिया निशान उठता है की अधिकारियों को इतनी भी क्या जल्दी थी की आचार संहिता समाप्त होने का भी इंतजार नहीं किया? कर्मचारी के रिटायरमेंट के दौरान कर्मचारियों को ग्रेजुएटी का लाभ देने इत्यादि तमाम मांगों को लेकर संघ द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करवाते हुए ज्ञापन सौपा। वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा मणिपुर में एनएचएम कर्मचारियों को रेगुलर किया है जिसके सभी सम्बंधित दस्तावेजों की फाइल भी स्वास्थ्य मंत्री के सामने रखे गए। मंत्री ने स्वास्थ्य कर्मचारी संघ को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही उनकी मांगों का अध्ययन कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र वत्स, जगत बिसला, डॉ सुरेश शर्मा, हरकेश,डॉ पुष्पेंद्र, दौलत राम,अनिल जागलान, नितेश बंसल, विकास इत्यादि उपस्थित रहे।

# इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी लगने का लालच देकर युवक से ठगे 3.42 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज



साइबर ठगों ने इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी लगने की बात कहकर ईस्ट भाटिया नगर निवासी रितिक कुमार से तीन लाख 42 हजार रुपये ठग लिए। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईस्ट भाटिया नगर निवासी रितिक कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन जून को दोपहर एक बजे उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उसे बताया कि उसकी इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी लग गई है। इसके लिए उन्हें कुछ रुपये जमा करवाने होंगे। उसने फोन करने वाले आरोपी को कहा कि उसे रुपये देकर नौकरी नहीं चाहिए।

इसके बाद आरोपी ने उसे डराते हुए कहा कि यदि आपने नौकरी नहीं करनी है तो आपको नौकरी रद्द करवाने के लिए कुछ रुपये जमा करवाने होंगे। इसके बाद आरोपियों ने उसे 79750 रुपये का एक चालान भेजा। आरोपी की बातों में आकर उसने चालान के 79750 रुपये भेज दिए। इसके बाद आरोपी ने जीएसटी के 18350 रुपये मांगे। उसने वह रुपये भी आरोपी को दे दिए।

इसके बाद आरोपियों ने उसे डरा धमका कर एक लाख 87 हजार रुपये और ले लिए। छह जून तक आरोपियों ने अलग अलग कर उससे कुल तीन लाख 42 हजार रुपये ले लिए। उसने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, थाना प्रभारी विशाल सैनी का कहना है कि मामले में अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### लोगों को बैंकों का लाभ लेना चाहिए : संदीप गर्ग

**लाडवा।** लाडवा-संभालखा रोड़ पर स्थित डीसीबी बैंक में बैंक का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बैंक के ब्रांच मैनेजर सिमरजीत सिंह ने कहा कि पिछले सात वर्षों से लाडवा क्षेत्र में वह उनका बैंक लोगों की सेवा में तत्पर बना हुआ है और लोगों को काफी लाभ दे रहे हैं। वहीं भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लोगों को ऐसे बैंकों का लाभ लेना चाहिए और फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बैंक के सभी अधिकारी व कर्मचारी मिलनसार काम करने वाले हैं। वहीं बैंक सदस्यों द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग को फूल गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का समापन



**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को बौद्दिक विकास तथा नवाचार हेतु ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर का आयोजन किया गया। सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि ये ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर तीन संकायों में आयोजित किया गये। सोनी ने बताया कि पहली कक्षा से तीसरी कक्षा हेतु रचनात्मक कला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अवांछनीय एवं खराब वस्तुओं से रचनात्मक कार्य सिखाए गए तथा तीसरी से छठी कक्षा हेतु प्रकृति को जानिए कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर मिथुन समाना सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मिथुन समाना को उनकी रक्त सेवा के लिए सम्मानित किया। यह कार्यक्रम अम्बाला के सनातन धर्म महाविद्यालय में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री व विधायक अम्बाला अनिल विज भी मौजूद रहे। भारतीय रैडक्रोस की तरफ से भी मुकेश अग्रवाल व सुषमा गुप्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### मानसून से पहले की जाए नालों की सफाई

**थानेसर।** स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मानसून सीजन से पहले बरसाती पानी की निकासी के प्रबंध पूरे किए जाए, ड्रेनों ,नालों की सफाई की जाए और सरस्वती नदी की सफाई की जाए और दोनों तरफ किनारों को पक्का किया जाए। स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा शनिवार को मानसून सीजन आने से पहले पानी निकासी के लिए किए जाने वाले प्रबंधों को लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर रहे थे। स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा सरस्वती नदी पिपली, खेडी मारकंडा, हरिनगर, दीदार नगर, सिरसला रोड़ सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे थे।

### गर्मियों में खादी को युवाओं ने किया पसंद

**कुरुक्षेत्र।** भीषण गर्मी के मौसम में शरीर के लिए कपड़े का बहुत सावधानी से चुनाव किया जाता है। ऐसे में गर्मियों के मौसम में खादी सभी की पहली पसंद होती है। आजकल तो युवाओं द्वारा भी खादी को खूब पसंद किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र स्थित खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ के सचिव सतपाल सैनी ने कहा कि खादी जितनी आरामदायक है उतनी ही आधुनिक फैशन के अनुसार भी है।

---

#### तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन

# योग प्राचीन पद्धति ही नहीं बल्कि जीवन जीने की कला : दिनेश

**शिविर में शरीर पर अनुकूल पड़ने वाले योग के प्रभावों के बारे में भी दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



जिला प्रशासन, मेरा मिशन स्वस्थ भारत और पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हो गया। सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के प्रांगण में आयोजित इस प्रशक्षिण शिविर में योगाचार्यों ने अधिकारियों, कर्मचारियों, योग साधकों व आमजन को योग, प्राणायाम व ध्यान से संबंधित क्रियाएं करवाई और शरीर पर अनुकूल पडऩे वाले इनके प्रभावों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। योग शिविर में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग प्राचीन पद्धति ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। योग करने से शरीर के साथ-साथ मानसिक बल मिलता है और विचारों में दृढ़ता आती है। विज्ञान ने इस बात को सद्धि कर दिखाया है कि योग करने से हमारी श्वसन क्रिया स्मूथ यानि सहज हो जाती है और शुद्ध वायु के रक्त में प्रवेश से फेफड़े स्वस्थ होते हैं। इस मौके पर जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, बागवानी अधिकारी डॉ मदन सैनी, रेड क्रॉस से प्रदीप कुमार, डीपीसी उर्वशी विग, आयुष विभाग से ब्लॉक इंचार्ज डॉ. नितिन रोहिला, नरेश कुमार, जोगेन्द्र, नरेश कुमार फार्मासस्टि, योग सहायक काजल, रीटा, मीनाक्षी, कुसुम, बलजीत, सोनू, रीना, अंजू, सुषमा, अनुराग आदि मौजूद रहे।

**प्राणायाम अभ्यास के फायदे बताए**

जिला आयुष अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि किसी भी प्राणायाम का अभ्यास लगातार पांच से सात मिनट तक करने पर ही उसका शरीर के अंगों पर प्रभाव पडना शुरू होता है। योग करने वाला व्यक्ति दिनभर ताजगी और स्फूर्ति से भरा रहता है तथा मन की स्थिरता के कारण अपनी दिनचर्या के सभी व सही नर्णिय लेने में सक्षम होता है।

---

# महंगाई के दौर में चौकीदारों का वेतन कम

- मीटिंग की अध्यक्षता मदन कलरा व संचालन जिला सचिव कलीराम ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक कर्ण पार्क में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता मदन कलरा ने की व संचालन जिला सचिव कलीराम ने किया। इस मौके पर सभा के राज्य प्रधान बाबूराम व महासचिव कलीराम ने कहा कि महंगाई के दौर में ग्रामीण चौकीदारों का वेतन बहुत कम है। चौकीदार की कार्य सेवा 24 घंटे की है। चौकीदार सरकार की हर प्रकार की योजनाओं को गांव में जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार करता है। उन्होंने कहा कि 23 जून को जिला स्तरीय सम्मान करनाल मानव सेवा संघ में आयोजित किया जाएगा। 25 जून को सीटू की राज्य कमेटी की बैठक में सभा का सचिव मंडल शामिल होगा, जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी। सभा की मांग है कि चौकीदारों को पक्का किया जाए और तब तक 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन दिया जाए। नवनियुक्त चौकीदारों का बजट तुरंत दिया जाए। नई नियमो में संशोधन किया जाए। मृत्यु इंद्राज बारे चौकीदारों को रजस्टिर प्राप्त करवाया जाए। चौकीदारों को ईएसआई स्वास्थ्य लाभ से जोड़ा जाए। ग्रामीण चौकीदार की मृत्यु पर पांच लाख रुपए परिवार को सहायता राशि दी जाए। बैठक में पूर्व राज्य प्रधान परवारा राम, राज कुमार, धर्मपाल, बतेरी, मुन्नी, वक्रिमजीत सिंह, आदि मौजूद रहे।

# गांव कोहण्ड में महिलाओं को किया वित्तीय रूप से जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

- हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया

गाँव कोहण्ड में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया व हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं को वत्तिीय सशक्तिकरण के बारे वस्तिार से जानकारी दी गई। शनिवार को गांव कोहंड में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सूर्यकान्त शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष गुरुमीत सिंह, डीपीएमएच एसआरएलएम करनाल डॉ जयपाल जन्दिल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केवित्तीय जागरूकता के विषय को वस्तिार से समझाया ओर कहा कि आज के समय में महिलाए दोहरी जम्मिेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है।

### जरूरतमंद कन्याओं का विवाह समारोह आज

**करनाल।** मानव सेवा संघ की ओर से 16 जून को जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामुहिक विवाह करवाया जाएगा। दानी सज्जनों के सहयोग से अब तक 678 कन्याओं का विवाह संघ करवा चुका है। मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ती ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह में घरौंडा विधायक हरवद्रिं कल्याण, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, लाजपत राय चौधरी व डा. बाल किशन को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा कई धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक व प्रशासनिक हस्तियां नव दम्पत्तियों को अपना आशीर्वाद देने पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि मानव सेवा संघ नर सेवा ही नारायण सेवा के सद्धिांत पर कार्य कर रहा है।

---

# 35 लोगों की शिकायतों का किया निवारण

- तरावड़ी में समाधान शिविर 14 से 22 जून तक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी



**तरावड़ी।** दूसरे दिन नगर पालिका में समाधान शिविर में लोग अपनी त्रुटियों को ठीक करवाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा सरकार द्वारा लोगों की विभन्नि समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका तरावड़ी में 14 जून से 22 जून तक कैंप लगाया गया है। जिसमें वार्ड के सभी लोगो का काम किया जाएगा। जिसमें परिवार पहचान पत्र मे आय ठीक करवाना, पेंशन लगवाना, बुढापा सम्मान भत्ता, बच्चों के नाम ठीक करना, फैमिली आईडी में मोबाइल नः ठीक करवाना, फैमिली आईडी में अपनी उम्र ठीक करवाना और जिन नागरिकों की उम्र 60 वर्ष हो चुकी है उनकी पेंशन के लिए आवेदन करना का कार्य शुरू हो चुका है। शनिवार इस कड़ी में नगर पालिका तरावड़ी में समाधान शिविर के दूसरे दिन लगभग 35 लोग शिकायत निवारण के लिये पहुंचे। शिविर में ज्यादातर शिकायतें पेंशन शुरू करवाना, फैमिली आईडी की थी जिनका मौके पर हल कर दिया था और इनमें से 11 लोगों की नई पेंशन शुरू करवाई, 19 लोगों की नई पेंशन के लिये आवेदन किया गया। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र में जो त्रुटि थी वह भी ठीक की गई है। शिविर में समाधान करते हुए कर्मचारी राहुल ने बताया की ज्यादातर लोग फैमिली आईडी अलग बनवाने के लिए पहुंच रहे हैं जबकि अभी इस को अलग करने का प्रावधान सरकार की ओर से नहीं किया गया। आज लगभग 35 लोगों की समस्याओं का निवारण कर दिया है।

# हनुमान जी जैसी बुद्धि और धैर्य जरूरी: अंजलि

- श्री रामकथा महोत्सव में सुंदरकांड पाठ का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल





श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट की ओर से वैदिक श्री रामकथा महोत्सव का आयोजन श्रद्धानंद अनाथालय में किया जा रहा है। छठे दिन श्री सुंदरकांड पाठ का वर्णन किया गया। इस मौके पर कथावाचक एवं अंतरराष्ट्रीय वक्ता विदुषि बहन अंजलि ने कहा कि हनुमान जी से बल, बुद्धि और विद्या मांगी जाती है। बल बुद्धि वद्यिा देहु मोहि, हरहु कलेश विकार। ये दोहा हनुमान चालीसा की शुरुआत में ही बोला जाता है। समुद्र पार करते समय उनके मार्ग में कई अड़चनें भी आईं, लेकिन बुद्धि और ज्ञान के बल पर हनुमान जी ने सबको बड़ी आसानी से दूर कर दिया। आज के युवा मुश्किल समय में जल्दी घबरा जाते हैं। परेशानियों का सामना करने के लिए हनुमान जी जैसी बुद्धि और धैर्य होना जरूरी है। विदुषि बहन अंजलि ने गायों की सेवा, सहायता और सुरक्षा करने का निवेदन भी किया। उन्होंने कहा कि गायों को संरक्षण देने वाले की सहायता करो। गोशाला में जाकर सेवा कार्य और दान करें। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथिगणों को भगवान श्री राम के स्वरूप भेंट किए गए। कार्यक्रम में अतिथिगणों के रूप में आईपीएस आर.सी. मश्रिा, कुरुक्षेत्र यूनीवर्सिटी से कोर्डिनेटर अनीता चौधरी व सीजीसी चेयरपर्सन अंजु शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर प्रधान बलदेव राज सिंगला, महाप्रबधंक गोपीनाथ शर्मा, महामंत्री कर्णवीर आर्य, कोषाध्यक्ष महेश आर्य, अनिल आर्य, सत्येंद्र मोहन कुमार, जोगद्रिं लाठर व विजयपाल ने कथा महोत्सव में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। महाप्रबंधक गोपीनाथ शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट के संरक्षक अरविंद सिंह सांगवान (जस्टिस, इलाहाबाद हाई कोर्ट, उत्तर प्रदेश) व विनोद भारद्वाज (जस्टिस, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, चंडीगढ़) के मार्गदर्शन में यह महोत्सव मनाया जा रहा है। कथा का आयोजन 16 जून तक किया जाएगा।

---

# जिला बार एसोसिएशन ने मनोहरलाल का किया अभिनंदन

- संदीप चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



करनाल जिला बार एसोसिएशन ने करनाल पहुंचे केंद्रीय शहरी विकास व उर्जा मंत्री मनोहर लाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। एसोसिएशन के प्रधान संदीप चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से शष्टिाचार भेंट की। उन्हें बधाई देते हुए भवष्यि के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि चुनाव प्रचार के दौरान जब मनोहर लाल और सीएम सिंह नायब सिंह सैनी बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे थे तो प्रधान संदीप चौधरी ने एसोसिएशन की ओर से गारंटी दी थी कि दोनों लोकप्रिय नेतस भारी मतों से जीत कर दिल्ली और चंडीगढ़ जाएंगे। प्रधान संदीप चौधरी ने कहा कि करनाल की जनता से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सांसद चुना। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करनाल की जनता का सम्मान बढ़ाते हुए मनोहर लाल को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। करनाल की जनता के लिए यह गर्व का विषय है। इस अवसर पर उपप्रधान गोपाल सिंह चौहान, महासचिव विकास संधु, संयुक्त सचिव अमरजीत धानिया व कोषाध्यक्ष मनोज गांधी मौजूद रहे।

# हर देशवासी को भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत : प्रो. सोमनाथ

- केयू में दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि हर देशवासी को भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन में सदैव धैर्यता और वीरता का परिचय दिया तथा रावण जैसे शत्रु को भी क्षमा दान दिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भगवान श्रीराम को महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखित रामायण के माध्यम से जाना जाता है मुनि वाल्मीकि ने जो रामायण लिखी उसका विस्तार एक वट वृक्ष की भांति हो गया है इसका सारा श्रेय महर्षि वाल्मीकि और वाल्मीकि समाज को जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने जीवन में धर्म अनुसार सभी मयार्दाओं का पालन किया जिस वजह से उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम की संज्ञा दी जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. कुलदीप चन्द अग्निहोत्री ने कहा कि वाल्मीकि समाज ज्यादातर सप्त सिंधु प्रदेश में पाया जाता है जिसका मुख्य कारण भगवान वाल्मीकि का इस प्रदेश में आश्रम का होना है।

---

#### प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

# संगठन के विकास के लिए संसाधन में निवेश जरूरी : डा. संजय

- कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल/नीलोखेड़ी



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में आज मानव संसाधन विकास हेतू प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रबंधन व विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि वस्तिार क्षेत्र में मानव संसाधन विकास का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि करना है ताकि वे अपने कार्यों को नष्पिादन बेहतर तरीके से कर सकें। डा. कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कृषि वस्तिार के क्षेत्र में नवाचारों संबंधित जानकारी प्राप्त करके वस्तिार अधिकारियों का आत्मवश्विास भी बढ़ेगा। किसी भी संगठन को विकास करने के लिए मानव संसांधन विकास में निवेश करना चाहिए ताकि कर्मचारियों संगठन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित हों।

**व्याख्यानों के लिए विशेषज्ञों को किया आमंत्रित**

प्रशिक्षण संयोजक डा. भरत सिंह घनघस ने बताया कि प्रशिक्षण में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश के वस्तिार अधिकारियों ने हस्सिा लिया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विभन्नि संस्थानों से व्याख्यानों के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था जन्हिोंने प्रशिक्षण प्रबंधन एवं मानव संसाधन विकास संबधी व्याख्यान दिए। समापन कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान संस्थान के सभी कर्मचारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

**अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का किया काम**

क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि वश्विवद्यिालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के वस्तिार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। वत्तिीय सहयोग देने के लिए वस्तिार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की सराहना की। उन्होंने वश्विवद्यिालय के कुलसचिव एवं वस्तिार शक्षिा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के बारे में अपना फीडबैक देते हुए संस्थान की सुविधाओं की बड़ी प्रशंसा की।

# कांग्रेस सम्मेलन के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



त्रिलोचन सिंह

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व रोहतक से सांसद दीपेंद्र हुड्डा रविवार को करनाल में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए पहुंचेंगे। जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मंगलसेन सभागार में किया जाएगा। कांग्रेस नेता विशेष तौर पर बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट कर उनका हौंसला बढ़ाएंगे। करनाल जिला कांग्रेस संयोजक व विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार रहे त्रिलोचन सिंह ने कहा कि करनाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेहतरीन काम किया। इसी के चलते कांग्रेस के वोट बैंक में बढ़ोतरी हुई। अपने प्रिय नेताओं से मिलने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का माहौल है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नारा दिया है लोकसभा में हॉफ, विधानसभा में भाजपा साफ। इस नारे ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पांच सीटों पर दर्ज की। इससे यह साफ हो गया है कि प्रदेश की जनता हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

## खबर संक्षेप

### नशा रोधी अभियान में सहयोग देंगे

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी क्रप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई नशा रोको अभियान का स्वागत करते हुए हर संभव सहयोग का निर्णय लिया गया। संघ के अध्यक्ष यशपाल मलिक ने कहा कि सरकार की इस मुहिम से प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा। इसलिए संघ ने इस अभियान में सरकार का सहयोग करने का फैंसला लिया है। इस अवसर पर राजपाल कश्यप एडवोकेट, दीपक मित्तल, स.जगजीत सिंह, देवेंद्र राणा एडवोकेट, मांगेराम मलिक, दीपक देशवाल, प्रवीण शेरा, इरफान अली, मंयक मलिक, हरीश कुमार, रामअवतार शर्मा, दिनेश कुराना, सतीश शर्मा, राजेश कुमार, प्रिंयका शर्मा व अश्वनी कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर चोरी करने वाले दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव परढ़ाना में प्लाट से ट्रैक्टर व सेप्टिक टैंक चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अमित निवासी परढ़ाना व विक्रम निवासी नगर गोहाना के रूप में हुई। दोनों आरोपी ट्रैक्टर मालिक के पास ड्राइवर के रूप में काम करते थे। थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि साहिल की शिकायत पर थाना इसराना में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी।

### पुलिस ने दो चोर पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने डाहर शुगर मिल के सामने स्थित जूस की दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को शुक्रवार देर शाम गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोहित निवासी मतलौडा व राकेश निवासी डिकाडला के रूप में हुई। थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि अमित की शिकायत पर थाना इसराना में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

### परमपिता को हमेशा याद रखें

**पानीपत।** फादर्स डे एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विषेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जब हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं। यह विचार संत राजिंद्र सिंह ने फादर्स डे पर प्रकट किए हैं। इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं।

### वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन

**पानीपत।** 15 वीं एशिया महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए जलालपुर प्रथम गांव की महिला वॉलीबॉल खेल नर्सरी की खिलाड़ी प्रेरणा पुत्री विकास रावल का चयन हुआ है। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं नव ज्योति मॉडल स्कूल प्रबंधक राजेश शर्मा व प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने थाईलैंड में आयोजित 15वीं एशिया महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप अंडर 18 आयु वर्ग में चयन होने पर खिलाड़ी प्रेरणा व कोच सन्नी चौधरी को बधाई दी और अन्य खिलाडियों को आह्वान किया कि वो भी प्रेरणा से सीख लेकर अपने लक्ष्य की और आगे बढ़ें।

### अन्नपूर्णा वस्त्र वार्षिकोत्सव आज

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्थित दशहरा कमेटी सनौली रोड द्वारा संचालित श्री रघुनाथ धाम में अन्नपूर्णा वस्त्र एवं अनाज बैंक का वार्षिकोत्सव 16 जून को मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी रविंद्र शर्मा ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से श्री 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती तथा श्री 108 कांता देवी के सानिध्य में यह समारोह आयोजित किया जा रहा है।

### पूर्वांचल कल्याण संघ ने छबील लगाई

**पानीपत।** हरियाणा पूर्वाचल कल्याण संघ के सदस्यों ने आज सेक्टर 25 पार्ट 2 बसंत कुंज पास मीठे पानी का छबील लगाकर प्यासों को पानी पिलाया।

---

## जनता की हर समस्या का हल करें अधिकारी : ढांडा

# मंत्री ने खुला दरबार लगाकर 135 समस्याएं सुनीं, जनता प्रसन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार प्रातः जिले के गांव बबैल के ग्राम सचिवालय में खुला जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों का ध्यान समाधान की तरफ होना चाहिए उन्हें यह नहीं देखना चाहिए की समस्या कैसी है। अधिकारी हर समस्या का समाधान निश्चित समय से पहले करने का प्रयास करें ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके। जनता दरबार में गांव के 135 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा व उनके निदान करने की मंत्री से अपील की। जनता दरबार में ज्यादा समस्याएं बिजली, पानी, जमीन, फैमिली आईडी से संबंधित आई। मंत्री ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बाद कहा कि जनता दरबार आज समय की मांग है। उनका हमेशा यही ध्यय रहा है कि



पानीपत। सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा जनसुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

किसी को किसी प्रकार की समस्या ना हो। मौजूदा सरकार लोगों की समस्याओं को प्रारंभ से ही गंभीरता ले से ले रही है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लोगों की एक-एक समस्या को सुनकर उसका मौके पर निदान करने का प्रयास करते हैं। मंत्री ने कहा कि वह जिले में जब भी मौका मिलेगा जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को दूर करेंगे। आने वाले समय में दो-दो गांव में रोजाना जनता दरबार लगाए जाएंगे। जनता दरबारों का समय दो घंटे निर्धारित किया गया है लेकिन समस्या ज्यादा आती है तो समय बढ भी सकता है। उन्होंने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है जिले में किसी भी व्यक्ति की कोई भी प्रॉब्लम दूर हो। हर आदमी खुशहाल व समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की ठोस पहचान बनी है। विदेश में भी आज प्रधानमंत्री के कार्यों की जय जयकार हो रही है। हरियाणा से प्रधानमंत्री का विशेष लगाव है। केंद्र में हरियाणा के तीन-तीन मंत्रियों को स्थान देना इस बात की तरफ संकेत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को और प्रगतिशील राज्य बनाना चाहते हैं। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में उनकी पार्टी का, उनकी कार्य प्रणाली का पूरी देश दुनिया में डंका बजेगा। हरियाणा विधानसभा के चुनाव में उनकी पार्टी पूर्ण बहुमत तक पहुंचेगी व विकास को निरंतर जारी रखेगी। खुले जनता दरबार में समस्या लेकर पहुंचे लोगों का उन्होंने अभिनंदन किया व विश्वास दिलाया कि उनके पास लिखित में जो कागज आया है उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। जनता दरबार में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उन्हें भूखे हुए फूलों की मलाई पहनकर उनका जोरदार अभिनंदन व स्वागत किया गया। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के एक्शन विनय रावल पब्लिक हेल्थ एक्शन संजय शर्मा, टीएम जसवीर हुड्डा, एसडीओ सर्वजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

---

# विनोद भराड़ा हत्या कांड का पांच साल बाद खुलासा

- पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर साजिश रच करवाई थी पति की हत्या
- पुलिस ने पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत परमहंस कुटिया कॉलोनी में दिसम्बर 2021 में हुई विनोद बराड़ा की हत्या की वारदात को सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सफलता पूर्वक सूलझाने में बड़ी कामयाबी हासिल की। मृतक विनोद भराड़ा की पत्नी निधी ने प्रेम प्रंसग के चलते अपने प्रेमी के साथ मिलकर साजिश रच पंजाब के भटिंडा निवासी युवक से विनोद का पहले एक्सीडेंड करवाया। एक्सीडेंड में विनोद बराड़ा की मौत नही हुई तो उक्त युवक से ढ़ाई महीने बाद पिस्तौल से गोली मरवाकर विनोद की हत्या करवाई थी। पुलिस ने मृतक विनोद की पत्नी आरोपी निधि व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने हत्या करवाने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि थाना शहर में वीरेंद्र पुत्र देशराज निवासी परमहंस कुटिया ने दिसम्बर 2021 में पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका भतीजा विनोद सुखदेव नगर में हॉरट्रोन कंप्यूटर सेंटर चलाता था। 5 अक्तूबर 2021 की शाम विनोद परमहंस कुटिया के गेट पर बैठा था। तभी एक पंजाब नंबर की गाड़ी के चालक ने विनोद को गाड़ी से सीधी टक्कर मार दी। विनोद की दोनों टांगे टूट गई थी। उन्होंने इस बारे थाना शहर में आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ अभियोग दर्ज करवा दिया था। पुलिस ने गाड़ी के चालक आरोपी देव सुनार उर्फ दीपक निवासी भटिंडा पंजाब को गिरफ्तार कर लिया था। इसके करीब 15 दिन बाद देव सुनार समझौते के लिए उसके पास आया। उन्होंने समझौता करने से मना कर दिया तो आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देकर चला गया। इसकी रंजिश रखते हुए आरोपी देव सुनार 15 दिसम्बर 2021 को देसी पिस्तौल लेकर सुमित के घर पर आया और अंदर घुसकर दरवाजा बंद कर कुंडी लगा ली। यह देख विनोद की पत्नी ने शोर मचाया तो वह शौर सुनकर सहायता के लिए बेटे यश, निधि व पड़ोसी के साथ विनोद के घर पहुंचा। उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की दरवाजा नही खुला। उसने खिड़की से देखा आरोपी देव सुनार ने विनोद को बेड से नीचे गिरा कर पिस्तौल से कमर व सिर में गोली मार दी। आरोपी देव सुनार को मौके पर ही काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया था और खुन से लथपथ भतीजे विनोद को अग्रसैन हास्पिटल लेकर गए थे। वहा डॉक्टर ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। वीरेंद्र की शिकायत पर थाना शहर में अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी देव सुनार पानीपत जेल बंद था। पुलिस की और से न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका था और मामला न्यायालय में ट्रायल पर था। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि गत दिनों उनके पास मृतक विनोद बराड़ा के भाई जो आस्ट्रेलिया में रहते है उनका वॉटसअप पर एक मैसेज आया उसने मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता होने का संदेह जताया।

---

# गंदे पानी की निकासी को लेकर प्रदर्शन किया

- सड़क पर खड़े गंदे पानी से मक्खी मच्छर पैदा हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समालखा में श्याम बाबा मंदिर चुलकाना धाम में आने वाले भक्त सड़क पर पानी भरा होने से परेशान हैं। इसकी वजह से यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। बता दें कि समालखा फ्लाईओवर खत्म होते ही शास्त्री कॉलोनी में नालों की सफाई व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर खड़ा रहता है। जिससे देश के कोने कोने से आने वाले श्री श्याम बाबा के भक्तों के साथ आस पास के गांवों के लोगों को भी परेशानियों का सामना



पानीपत। गंदे पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते शास्त्री कालोनी वासी।

करना पड़ रहा है। सड़क पर खड़े गंदे पानी से मक्खी मच्छर पैदा हो रहे हैं जिससे अनेक बीमारियां पनप रही हैं। हालांकि सरकार द्वारा मानसून से पहले सभी नाले नालियों की सफाई व्यवस्था को लेकर कार्य करने की बात कही जा रही है लेकिन समालखा की शास्त्री कालोनी में नालों की सफाई कराने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। सरकार व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सोनू शर्मा समालखा, देवेंद्र कुहाड़, संजय घणघस, डब्बू पंजाबी ने बताया कि जब हम अपनी शिकायत लेकर नगर पालिका चेयरमैन अशोक कुछल के पास जाते हैं तो चेयरमैन बताते हैं कि यह हमारे क्षेत्र से बाहर हैं हम वहां सफाई नहीं करा सकते। वहीं पीडब्ल्यूडी वालों ने नाला और सड़क बनाई हुई है। लेकिन उसके बाद इसकी सफाई की जिम्मेदारी किसकी है। इस बारे में कोई भी अधिकरी अपने ऊपर जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। कालोनी वासियों ने मीडिया के माध्यम से उपायुक्त पानीपत और सरकार से मांग की है कि इस समस्या का जल्दी से जल्दी समाधान कराया जाए। इस अवसर पर बिजेंद्र डॉ, रोहित शर्मा, सुरेन्द्र चौहान, राजा, नरेश शर्मा, ओमप्रकाश डॉ.,नीरज, बलवान, राजकुमार फौजी, धर्मवीर कुहाड़ आदि मौजूद रहे।

---

# पेयजल की समस्या का तीन साल बाद किया गया हल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हुडा सेक्टर 24 पार्ट 1 में एक डीप टयूबवेल का शुभारंभ आरडब्ल्यूए व सेक्टर वासियों ने नारियल फोड़ कर किया।

बता दें कि सेक्टर में पिछले काफी समय से पीने के पानी की किल्लत व पानी में मिट्टी की समस्या से जूझ रहा था। आरडब्ल्यूए लगभग पिछले 3 वर्ष से हुडा विभाग से संपर्क करके सेक्टर में डीप ट्यूबवेल लगवाने की मांग कर रहा था। वहीं तीन साल की मेहनत सफल हुई और टयूबवेल का काम पूरा गया और सेक्टरवासियों ने



पानीपत। हुडा सेक्टर 24 पार्ट 1 में डीप टयूबवेल का शुभारंभ करते आरडब्ल्यूए के सदस्यगण ।

नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सेक्टर के प्रधान कंवल सहारण, उपप्रधान कृष्ण बंसल, महासचिव डॉ.सोनू सिंह, सचिव पवन बंसल, सह सचिव कौशल शर्मा, चेतन मित्तल, महावीर मलिक, विजयपाल व मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

---

# राज्यपाल ने पानीपत के कृपाल आश्रम को दिया प्रशंसा पत्र

- 2023 में हरियाणा में तीन लाख 46 हजार 128 रक्ताओं ने रेड क्रॉस में रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रक्त दिवस पर पानीपत सावन कृपाल रुहानी मिशन के कृपाल आश्रम के उपप्रधान जोगिंदर नरूला ओर उनकी पत्नी दिव्या नरुला के साथ-साथ समाजसेवी चमन गुलाटी, राजिंद्र नरुला को समाज को रक्तदान के लिए प्रेरित करना और ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर लगाने के लिए हरियाणा के राज्यपाल बंढ़ारू दत्रातेय ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। वही



पनीपत। राज्यपाल के हाथों सम्मानित होते हुए सावन कृपाल आश्रम के पदाधिकारी व अन्य ।

राज्यपाल दत्रातेय ने कहा कि सावन कृपाल रूहानी मिशन से जुडे समाजसेवियों के कारण 2023 में हरियाणा में तीन लाख 46 हजार 128 रक्ताओं ने रेड क्रॉस में रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना हर स्वास्थ्य इंसान का कर्तव्य है, रक्तदान करने से शरीर का भयानक रोगों से बचाव होता है। युवाओं का रक्तदान के प्रति जागरूक होना होगा और साल में दो अवश्य रक्तदान करना चाहिए।

---

# व्यापारी नेता लक्ष्मी चंद को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक एवं जीवनभर व्यापारियों के हकों की आवाज उठाने वाले व्यापारी नेता स्व.लक्ष्मी चन्द गुप्ता की पुण्य तिथि शनिवार को हरियाणा व्यापार मंडल के सनौली रोड शिव चौक के पास कार्यालय में मनाई गई। हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं उद्योगपति राकेश चुघ व अन्य व्यापारियों ने स्व.लक्ष्मी चंद गुप्ता की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि दी। राकेश चुघ ने कहा कि स्व.लक्ष्मी चंद गुप्ता ने व्यापारियों के हित में हरियाणा व्यापार मंडल की स्थापना की। उन्होंने जीवनभर व्यापारियों के हकों की आवाज उठाई और व्यापारियों के हकों के लिये लक्ष्मी चंद गुप्ता को कई बार



पानीपत। व्यापारी नेता लक्ष्मी चंद गुप्ता को श्रद्धांजिल देते पानीपत के व्यापारीगण।

जेल भी जाना पडा लेकिन फिर भी व्यापारियों के हकों की आवाज को उठाने में कभी पीछे नहीं हटे। उनको सेल्स टैक्स बैरियर की समाप्ति, महसूल चुंगी की समाप्ति तथा वैट को लगाए जाने के विरोध में हरियाणा बंद के समय गिरफ्तार किया गया। हरियाणा में 1966 से लेकर 2004 तक जितनी भी सरकार बनी उनमें लक्ष्मी चन्द गुप्ता की अहम भूमिका रहती थी लेकिन सरकार बनने के बाद उसी सरकार के खिलाफ व्यापारी हितों के लिए मोर्चा खोलकर आंदोलन की राह पकड़ लेते थे। हालांकि अनेक बार हरियाणा की सरकारों ने लक्ष्मी चन्द गुप्ता को प्रलोभन देने की कोशिश की लेकिन गुप्ता ने कभी भी अपने वसूलों और व्यापारियों के हितों के लिए समझौता नही किया। राकेश चुघ ने कहा कि हमें स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता के दिखाये गये रास्ते पर चलकर व्यापारियों के हकों की आवाज को बुलंद करना चाहिये। इस अवसर पर हरीश बजाज, स.सहब सिंह, जोनी चावला, रवि धमीजा, राजकुमार मिगलानी, पवन गर्ग, विपिन चावला व अमित नरूला आदि मौजूद रहे।

---

**निरीक्षण** पुलिस कप्तान ने थाना किला व चांदनी बाग जांचे

# लंबित केसों का जल्द निपटारा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने थाना किला व थाना चांदनी बाग का औपचारिक निरीक्षण कर जोन के पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व अनुसंधानकर्ताओं के साथ क्राइम मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी शेखावत ने शनिवार को थाना किला व थाना चांदनी बाग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थाने के रिकार्ड के रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरिक, मैस व मालखाना का जायजा लिया और खामियों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत क्राइम कंट्रोल के संबंध में जोन के पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व अनुसंधानकर्ताओं की थाना में



पानीपत। पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अधीक्षक अजीत शेखावत।

क्राइम मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा, थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह, एसपी रिडर एएसआई सुभाष, स्टेनो राजबीर व थाना में तैनात अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहें। वही, एसपी शेखावत ने मीटिंग में सर्वप्रथम थाना के प्रत्येक कर्मचारी की ड्यूटी बारे जानकारी लेकर कानून एंव व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर थाना प्रबंधक व अनुसंधानकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। वही, दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें। पीओ, बेल जंपर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। मादक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे आरोपियों के अतिरिक्त पीओ, बेल जम्पर अपराधियों की संम्पत्ति जब्त करने की प्रक्रिया को अमल में लाए। महिला विरूद्ध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सचेत होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाही अमल में लाए।

### गश्त तेज करने के निर्देश

*क्षेत्र में विशेष तौर से पेट्रोलिग व गश्त बढ़ा कर लूट व चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जाए। जिस स्थान पर बार-बार चोरी या लूट की घटनाएं हो रही है, वहां पर स्पेशल डयूटिंया लगाकर अपराध पर रोक लगाए। आदतन अपराधियो पर विशेष रुप से नजर रखे व समय-समय पर उनके बारे पूछताछ करते रहें। आपराधिक घटना घटीत होनें की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुचें।*

### जन समस्याओं का प्राथमिकता से हल करें

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने निर्देश दिए की थाना, चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अच्छे से सुनवाई कर तय समय के दौरान उचित कार्रवाई करें। किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें। क्षेत्र में आमजन के साथ अच्छा तालमेल बना निरंतर गश्त कर शरारती व अपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाही अमल में लाए। अपराधिक प्रकार की घटना घटीत होनें की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुचें। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

---



पानीपत। पुलिस कप्तान को हर्बल पौधे भेंट करते हुए ग्रीन मैन दलजीत व समाजसेवी गौरव लीखा। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण को घना करना हर नागरिक की जिम्मेदारी

**पानीपत।** ग्रीनमैन के नाम से विख्यात प्रोफेसर दलजीत कुमार ने घर-घर प्राचीन आयुर्वेद को पहुंचाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास दलजीत कुमार जहां स्कूलों, महाविद्यालयों, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण व हर्बल गार्डन बना रहे हैं वहीं दूसरी तरफ हर घर हर्बल-100 घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान के अंतर्गत घर-घर हर्बल पौधे वितरण करके प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व बारे लोगों को जागरूक कर रहे है। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि 20 फरवरी, 2024 से आरम्भ की गई मुहीम हर घर हर्बल-100 घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान-2024 के अंतर्गत अब तक 18 गणमान्य लोगों को 11 से 21 पौधे वितरित किए गए है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत को पांच प्रकार की तुलसी, 2 प्रकार की इन्सुलिन, इलायची, अश्वगंधा, अजवाइन, मल्टी स्पाइसी पौधा सहित 12 पौधे घर में नैनो हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए समाजसेवी गौरव लीखा के साथ भेंट किए। इस दौरान एसपी पानीपत अजीत सिंह शेखावत ने प्रोफेसर दलजीत कुमार को पुलिस लाइन पानीपत में हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए निमंत्रण दिया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि एसपी पानीपत के मार्गदर्शन में और समाजसेवी गौरव लीखा के सहयोग से जल्द ही पुलिस लाइन पानीपत में हर्बल गार्डन बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल उर्फ नोनू को गिरफ्तार किया है। माता बाला सुंदरी मंदिर के सचिव अशोक कुमार ने 23 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना से आरोपी शुभम ने सिलेंडर चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अनिकेत व आरोपी शुभम को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। खोजकीपुर के अरूण सेठी ने 18 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर से गहने, नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी गुरूसेवक व हमीर सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। गांव खेड़ा के बबलू कुमार ने 2 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 मार्च 2024 को इंदिरा पार्क के पास से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्की उर्फ काला, रवि उर्फ जोजो, हर्ष, विकास, राहुल व राजेंद्र को गिरफ्तार किया है। हरी नगर के मनोज कुमार ने 10 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर पर पत्थरों व कांच की बोतलों से हमला कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने तथा उसके पुत्र की आंख में चोट पहुंचाने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दहेज उत्पीड़न में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलदीप सिंह को शामिल जांच किया है। पीड़ति महिला ने 17 जनवरी 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 अगस्त 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट करने पर चिकित्सक सहित चार नामजद

**जींद।** पटियाला चौक पर मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मारपीट की घटना सीसी टीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटियाला चौक निवासी चंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पौता पारस स्कूटी चला रहा था। जब उसका पौता अपने दोस्तों के साथ गौरव के पास थप्पड़ मारने का कारण पूछा तो उन्हें अंदर खींच लिया ओर उनके साथ मारपीट की।

# पुलिस लाइन ग्राउंड में भव्य तरीके से होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

- डीसी ने ज्यादा ज्यादा संख्या में हिस्सेदारी करने की बात कही

**डीसी ने विभागीय अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश**

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

जिलास्तरीय कार्यक्रम अंबाला शहर के पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित होगा जबकि जिले के 6 ब्लॉक में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। डीसी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम में आमजन के साथ-साथ अधिकारी व कर्मचारी भी बढ़-चढक़र हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि 19 जून को योग दिवस की फाइनल रिहर्सल होगी जबकि 21 जून को मुख्य कार्यक्रम होगा। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर आयुष विभाग की तैयारियों की समीक्षा की और आमजन के बैठने की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

योग दिवस कार्यक्रम में पंतजलि योगपीठ व भारतीय योग संस्थान का भी सहयोग रहेगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में योग करने पहुंचे आमजन। डीसी ने जिला वासियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योग करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि योग व्यायाम का एक प्रभावशाली प्रकार है, जो हमें स्वस्थ बनाता है।

इसी को बढ़ावा देने के लिए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत की गई। नियमित योगाभ्यास हमें काफी लाभ देता है। इसलिए हमें प्रतिदिन योग अभ्यास करना चाहिए।

### विभाग निभाए जिम्मेदारी

डीसी डॉ. शालीन ने अलग-अलग विभागों को योग दिवस के मौके पर अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग जिलास्तरीय कार्यक्रम में एक अग्निशमन वाहन तैनात रखे। स्वास्थ्य विभाग कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस की व्यवस्था करे। सभी कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों को तैनात करे और सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था भी दुरुस्त रखे। उपायुक्त ने ब्लॉक स्तर पर सभी एसडीएम को बेहतर तरीके से कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एसडीएम यश जालूका, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश विश्वजीत, संयुक्त आयुक्त अदिति, डीईओ सुरेश कुमार, पीएमओ राकेश सहल, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएसपी रमेश कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, बिजली विभाग के एसई, जिला खेल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए डीसी डॉ. शालीन।

## एकजुट कर्मियों ने सरकार के खिलाफ विरोध का बिगुल बजाया

# सफाई कर्मचारियों के साथ अमानवीय व्यवहार कर रही है राज्य सरकार

- जल्द शुरू होगा धरने प्रदर्शनों का सिलसिला

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| नारायणगढ़




सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) नेता कामरेड सतीश सेठी व बाबूराम ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मियों से सौतेला व्यवहार कर रही है। सरकार का कार्यकाल दस साल होने जा रहा है। इस दौरान जंहा एक भी कच्चे कर्मचारी को रेगुलर नहीं किया गया। सफाई कर्मचारियों को छोड़कर ग्रुप डी की सभी केटेगरी की रेगुलर भर्ती की गई है। ऊपर से पूर्व मुख्यमंत्री की ठेका प्रथा खत्म करने की घोषणा के बाद भी सफाई के काम मे शोषण व भ्रष्टाचार की जननी ठेकेदारी प्रथा धड़ल्ले से चली हुई है। सेठी ने कहा कि ब्लॉक में 105 कर्मचारी गांवों में तथा 30 कर्मी शहर में सफाई के काम मे सालों से लगे हुए है। इसी तरह 38 कर्मी घरों से कूड़ा उठाने का काम कर रहे हैं। चौकाने वाली बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में जहां एक भी सफाई कर्मचारी रेगुलर नहीं है वहीं नगरपालिका में केवल तीन सफाई कर्मचारियो को छोड़कर शेष सभी 68 कर्मचारी कच्चे हैं। वेतन के मामले में भी इनमें भेदभाव हो रहा है। शहरी क्षेत्र में जंहा रेगुलर सफाई कर्मचारी को लगभग 30 हजार रु महीना वेतन मिलता है वहीं पे-रोल के कच्चे कर्मचारी को 16900 रु मिलते हैं। ठेकेदारी प्रथा के तहत घरों से कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियो की तो सबसे बुरी हालत है। इन्हें केवल 10500 रु महीना वेतन मिलता है। जबकि ग्रामीण सफाई कर्मियों को सरकार 15 हजार रुपये महीना दे रही है। सीटू नेताओ ने कहा कि प्रदेश सरकार न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू करना तो दूर समान काम समान वेतन के फैसले को लागू न करके माननीय सुप्रीमकोर्ट के आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ा रही है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन (सीटू) के नेता निर्मल सिंह, बीर सिंह व नरेंद्र ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने रेगुलराइजेशन व अन्य मांगों को लेकर 52 दिन हड़ताल की थी। इसके बाद सरकार ने जो समझौता किया था उसे लागू नहीं किया। इस वायदाखिलाफी पर राज्य भर के ग्रामीण सफाई कर्मचारी 23 जून को पानीपत में पंचायत मंत्री के निवास पर प्रदर्शन करेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर बीडीपीओ ऑफिस में मीटिंग की गई है।

### यूनियन के साथ किए समझौता को लागू नहीं किया

नगरपालिका कर्मचारी संघ के नेता मंगा व धर्मवीर ने कहा कि सरकार ने शहरी सफाई कर्मियों की मांगों पर भी यूनियन के साथ 5 अप्रेल 2023 को किए समझौता को अभी तक लागू नही किया है। इसलिए पालिका सफाई कर्मी भी 23 जून को थानेसर (कुरुक्षेत्र) में शहरी निकाय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन करेंगे। इसका विधिवत नोटिस पालिका सचिव को दिया है। शहरी क्षेत्र में घरों व बाजार से कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियो के नेता दर्शन लाल व आदर्श ने कहा कि उनके साथ तो डबल इंजन के साथ ही ट्रिपल इंजन वाली सरकार अमानवीय व्यवहार कर रही है। नगरपालिका में चेयरपर्सन, वाईस चेयरपर्सन समेत अधिकतर पार्षद भाजपा से ही जुड़े हैं। आठ महीने बीत जाने के बावजूद चेयरपर्सन के आदेश पर 70 दिन किए गए काम के बदले कर्मचारियों को वेतन नही मिला है। कामरेड सेठी ने कहा कि प्रधानमंत्री एक और सफाई कर्मचारियों के पैर धोते है, उन्हें अपने शपथ ग्रहण समारोह में बुला कर वाहवाही लूटते हैं। परंतु दूसरी और सफाई कर्मियों की असल जिंदगी की तस्वीर यह है कि उनके साथ प्रदेश व शहर की सरकार बेइंसाफी कर रही है।

# अब 14 तक नि:शुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन ने बताया की यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितंबर कर दी है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहले 14 जून तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 सितम्बर 2024 तक बढ़ा दी गई है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है। डॉ. शालीन ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माईआधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### ऐसे अपडेट करें आधार कार्ड

- ▶▶ सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।
- ▶▶ इसके बाद अपडेट आधार के विकल्प पर क्लिक करें।
- ▶▶ आधार नंबर डालकर ओटीपी के जरिए लॉगिन करें।
- ▶▶ आपको आधार कार्ड अपडेट करने के विकल्प पर क्लिक करना होगा। एड्रेस के विकल्प का चुनाव करें। इसके बाद प्रोसीड टू अपडेट आधार पर क्लिक करना होगा।
- ▶▶ अपडेट एड्रेस के संबंधित दस्तावेज अपलोड करें।
- ▶▶ अपडेट रिक्वेस्ट एक्सेप्ट होने के बाद 14 डिजिट का यूआरएन नंबर जनरेट होगा। इस नंबर को सेव कर लें, कुछ दिनों के बाद आपका आधार अपडेट हो जाएगा।
- ▶▶ रिक्वेस्ट नंबर के जरिए आप अपना आधार का स्टेटस चेक कर सकते हैं।

### घरों की छतों पर पक्षियों के लिए रखें पीने का पानी

**नारायणगढ़।** एसडीएम यश जालुका ने उन लोगों की सराहना की है जोकि गर्मी के मौसम में छबील लगाकर लोगों को ठंडा एवं मीठा जल पिला रहे हैं। इसके साथ ही एसडीएम ने छबील लगाने वाले लोगों/संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे जल पिलाते समय प्लास्टिक के गिलास के स्थान पर स्टील के गिलास या मिट्टी के कुल्लहड़ जैसे बर्तनों का उपयोग करें जिससे कि वातावरण प्रदूषित न हो। उन्होंने कहा कि छबील लगाते समय प्लास्टिक के गिलास में पानी पिलाया जाता है। लोगों द्वारा पानी पीने के उपरांत वे गिलास वहीं पर फेंक दिए जाते हैं और वे हवा में उडक़र नालों एवं नालियों में जमा हो जाते हैं।

# विवाहिता ने पति पर चिट्टा बेचने का आरोप लगाया, बोली दहेज के लिए देता है यातनाएं

- नारायणगढ़ की रहने वाली विवाहिता ने बताया कि उसकी 25 फरवरी 2023 को ही गौरव के साथ शादी हुई थी

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

विवाहिता ने पति पर चिट्टा बेचने समेत कई आरोप लगाए। महिला का आरोप है कि उसके पति के किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध हैं। इसी आधार पर अब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नारायणगढ़ की रहने वाली विवाहिता ने बताया कि उसकी 25 फरवरी 2023 को ही गौरव के साथ शादी हुई थी। उसका पति प्राइवेट बस का ड्राइवर है। शादी के 1 महीने बाद ही उसका पति व ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ति करने लगे थे। ससुरालियों ने मारपीट करके उसे घर से बाहर निकाल दिया था। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की गई, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। उनका पंचायत ने फैसला भी करवा दिया था। पंचायत ने उसके पति को अपने घर ले जाने का 12 जनवरी 2024 का समय दिया,लेकिन आरोपी लेने नहीं आया। 21 जनवरी की रात को उसका पति उनके घर आया और सुबह उसने देखा कि रजाई में किसी लड़की से बात कर रहा था। आरोपी पति उस लड़की को मिलने के लिए बुला रहा था। आरोप लगाया कि उसके पति के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध है। आरोपी पति उसे तरह-तरह की यातनाएं देता रहा। उसका गला तक दबा दिया। उसके साथ हाथापाई की। जब वह चिल्लाई तो उसके माता-पिता ने उसे छुड़वाने की कोशिश की, उनके साथ भी हाथापाई की। उसने सरपंच व पुलिस को सूचित किया, लेकिन मौके पर समझौता करा दिया था। विवाहिता ने आरोप लगाए कि उसका पति चिट्टा बेचने का भी धंधा करता है। विवाहिता के आरोप है कि उसकी सास के राजनेताओं के साथ संबंध है। विवाद होने पर पुलिस वालों के पास कॉल करा देती है।

# नशे के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरुक

- युवाओं के साथ छात्रों को भी नशे से दूर रहने की हिदायत
- पुलिस की ओर से चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान, दो गांवों में लोटा नमक लेकर ग्रामीणों ने ली नशा न करने की शपथ

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला


अंबाला। नशे के खिलाफ लोगों को शपथ दिलवाते हुए थाना प्रभारी।

पुलिस की ओर से लोगों को जागरुक करने के लिए निरतंर नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में शनिवार को पुलिस की ओर से गांव जनसुई व मटहेडी, थाना साहा , थाना मुलाना व थाना नारायणगढ क्षेत्र में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं के साथ छात्रों व छात्राओं को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान जनसूई व मटहेडी वासियों ने लोटा नमक डालकर नशे से दूर रहने बारे ली शपथ। एसपी के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ-साथ जिला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिकों विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यों में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा है।इस दौरान ग्रामीणों ने नशे से दूर रहने बारे शपथ ली व अपने आसपास के लोगों को भी इस नशामुक्त अभियान से जोड़ने बारे प्रेरित किया।इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग जुड़कर अपनी भागीदार दर्ज कराकर क्षेत्र को नशामुक्त कराने में पुलिस की इस मुहिम में पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबंधक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशे की रोकथाम के लिए आमजन से संपर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक करें जिससे समाज नशामुक्त हो सके। एसपी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशे की लत में न पड़ें। यदि कोई उन्हें इस लत में ड़ालना चाहता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# शगुन योजना के तहत लाभार्थी को दी जाती है 31 से 71 हजार की शगुन राशि

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

हरियाणा सरकार की ओर से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है, ताकि जरुरतमंद व बेसहारा परिवारों के सिर से बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को विवाह पंजीकरण करवाने के उपरांत ही दिया जाएगा, जिसके लिए विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है।

डीसी डॉ. शालीन ने जानकारी देते हुए बताया कि जो पात्र परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा।

## नग्गल गांव में आयोजित सभा के दौरान पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने भाजपा पर बोला हमला

# जवानों को शिक्षा व नौकरी देने की बजाय बेरोजगारी व नशा भाजपा की देन

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला


अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह।

पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने शनिवार को अंबाला शहर के रूपोमाजरा, धुरकड़ा, बलाना, सुल्लर, हुमांयुपुर, मटेहड़ी शेखां, भानोखेड़ी, खन्नामजरा, मेतलां, मिहांमाजरा, बकनौर, महमूदपुर, बिशनगढ़,उगाडा, लखनौर साहिब, गोबिंदगढ़, खासपुरा,सकराहों गांवों का दौरा करने के साथ साथ नग्गल में बड़ी जनसभा को भी संबोधित किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनावों में बढ़-चढ़कर मतदान कराने व तपती धूप में दिन रात एक करने वाले सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद भी किया । निर्मल सिंह ने एक बार फिर कार्यकर्ताओं को कहा कि आप सब इस लड़ाई को योद्धा बनकर लड़े ओर जीते, आपसे बेहतर इस इलाका की लड़ाई कोई नहीं लड़ सकता। उन्होंने कहा कि अब बारी है विधानसभा चुनाव की। मेरा हर कार्यकर्ता निर्मल सिंह बनकर चुनाव मैदान में उतर जाए और मुझे विश्वास है कि अगले तीन महीने आप घर नहीं बैठोगे। हर घर तक कांग्रेस की नीतियों का बढ़ चढ़ कर प्रचार भी करोगे। सिंह ने कहा कि बीजेपी सरकार ने किसान,जवान, पहलवान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, सरपंच और नंबरदार समेत हर वर्ग का तिरस्कार किया। इस सरकार ने व्यापारियों को सुरक्षा देने की बजाए उन्हें फिरौती व जान से मारने की धमकियों का खौफ दिया। किसानों को एमएसपी देने की बजाय लाठी और गोलियां दी गईं। जवानों को शिक्षा और नौकरी देने की बजाय बेरोजगारी व नशा दिया गया। पहलवानों को सम्मान देने की बजाय उन्हें सड़कों पर घसीटा। लेकिन आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को अपनी हर एक कारगुजारी का हिसाब देना पड़ेगा। उन्होंने युवाओं की नौकरियों को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में अनेको पद सरकारी नौकरियों के खाली पड़े हैं। इन खाली पदों ने प्रदेश के युवाओ के भविष्य के रास्ते को संकरा और अंधकारमय बना दिया है। प्रदेश में एक सवाल आम चर्चा का विषय बन चुका है कि क्या बीजेपी की मानसिकता युवाओं को अशिक्षित रखने की है। अगर समाज शिक्षित हो गया तो उनके प्रोपगेंडा में नहीं फंसेगा इसलिए समाज को शिक्षा से तोड़ दिया जाए। मानसिकता कोई भी हो पर एक बात तो निश्चित है कि प्रदेश में अब भरोसे की कांग्रेस की सरकार स्थापित होगी वहीं प्रदेश की जनता को न्याय देगी। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्रोफेसर की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है वहां विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है साथ ही शोध कार्य भी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है, शोध कार्यो की गुणवत्ता कॉलेज और विवि की पहचान होती है जबकि सरकार ने शोध कार्य को नई शिक्षा नीति में स्नातक कक्षाओं से ही शामिल किया है। फिर सरकार नई शिक्षा नीति को कैसे साकार करेगी।